स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 23.04.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ शहर के बीच से होकर गुजरने वाले नहर के उपर चल रहे केनाल रोड निर्माण के प्रभावित जिन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान आबंटित किये जा चुके है उन्हें नवीन आवास में शिप्ट करवाकर सडक निर्माण के कार्य को और गति देवें मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डये ने निरीक्षण के दौरान उक्त निर्देश दिये। छ.ग.शासन के केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय तथा आयुक्त के.एल.चौहान ने कोहका माईनर पर चल रहे सडक निर्माण कार्य का निरीक्षण किया । जीरो पॉईट से मांझी चौक, आई.टी.आई. के पीछे,तेल्हा नाला तथा नंदनी रोड तक चल रहे निर्माण तथा निर्माण में आ रहे वाधा का अवलोकन किये । मंत्री ने कहा कि सडक निर्माण कार्य को और गति देवे निर्माण में प्रभावित मकान जिन्हे प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास आबंटित किये जा चुके है उन्हें आबंटित मकानों में स्थनांतरित करवाकर कार्य सडक के कार्य को आगे बढावें । नहर के दोनो किनारो के प्रभावितों का विडियोंग्राफी तथा फोटोग्राफी करवा कर हटाने का कार्य करें ।

मंत्री ने कहा कि सडक का निर्माण निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण करें ताकि लोगो को समय रहते नवीन बन रहे सडक का लाभ मिल सकें । आयुक्त श्री चौहान ने जोन आयुक्त संजय शर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि सडक निर्माण में बाधा बन रहे पुराने एवं जर्जर भवन को हटा कर उसके मलबे को तत्काल हटावें । चल रहे निर्माण कार्य का शत्त निगरानी करने आयुक्त ने सडक निर्माण एजेन्सी के अभियंता भरत देवांगन से कहा कि सीमेंट की ढलाई के बाद उसमें जुट बैग बिछा कर उसे पानी से अच्छी तरहा तराई करे ताकि निर्माण की गुणवत्ता बनी रहें ।

निरीक्षण के दौरान मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय के साथ वार्ड पार्षद कृष्णावेणी आयुक्त के.एल.चौहान,जोन आयुक्त संजय शर्मा, उपअभियंता बसंत साहू, निर्माण एजेन्सी के अभियंता भरत देवांगन सहित निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थें ।

जन सम्पर्क विभाग